# सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0
7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ-226001
**Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in**

पत्रांकः 409 /सो.आ.नि.-3/464/21
दिनाँकः 28 जून, 2024

प्रेषक,

**निदेशक,**
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

**समस्त जिलाधिकारी,**
(गौतमबुद्धनगर एवं गाजियाबाद को छोड़कर),
उत्तर प्रदेश ।

**विषयः वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रथम चरण में महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत कराए गए कार्यों तथा उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) के अन्तर्गत संचालित योजनाओं का सोशल आडिट कराने हेतु सोशल आडिट कैलेण्डर जारी किए जाने के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्र सं० निदेशालय के पत्र संख्या 301/सो०आ०नि०-3/464(II)/23, दिनांक 06-06-2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रथम चरण में महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत कराए गए कार्यों तथा उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) के अन्तर्गत संचालित योजनाओं राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना एवं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का सोशल आडिट कराने हेतु सोशल आडिट कैलेण्डर जारी किया गया है। ग्रामीण जनता एवं स्टेक होल्डर्स के बीच सोशल आडिट कैलेण्डर के प्रचार-प्रसार एवं ग्राम सभा की बैठक में उनकी भागीदारी बढ़ाने हेतु और प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। वेबसाइट पर अपलोड कैलेण्डर के लिंक का क्यूआर कोड का आलेख संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

अतः अनुरोध है कि क्षेत्रीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन कराए जाने की कार्यवाही कराने का कष्ट करें जिससे ग्रामीण जनता एवं स्टेक होल्डर्स को जारी किए गए सोशल आडिट कैलेण्डर एवं ग्राम पंचायतों में प्रस्तावित ग्राम सभा की बैठक की जानकारी सुगम रूप से उपलब्ध हो सके।

संलग्नक: यथोक्त

भवदीय,

28/6/24
(शरद कुमार सिंह)
निदेशक

## वेबसाइट पर अपलोड कैलेण्डर के लिंक का क्यूआर कोड

"सोशल आडिट एक सतत प्रक्रिया है। निदेशालय द्वारा जारी सोशल आडिट कैलेण्डर के अनुसार अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों के सोशल आडिट ग्राम सभा की बैठक में सक्रिय भागीदारी कर जवाबदेही सुनिश्चित करने में योगदान करें और सोशल आडिट को और अधिक जनोपयोगी बनाएं।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रथम चरण में महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत कराए गए कार्यों तथा उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) के अन्तर्गत संचालित योजनाओं का सोशल आडिट किए जाने हेतु सोशल आडिट कैलेण्डर के QR Code को स्कैन करके अथवा भारत सरकार की मनरेगा वेबसाइट https://nrega.nic.in एवं निदेशालय की वेबसाइट http://socialauditup.in के माध्यम से भी देखा जा सकता है।"